हिन्दुस्तान
1936
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
बुधवार
PAGE NO : 05 MIDDLE

देहदान का संकल्प लेने वालों को किया सम्मानित

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता । एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में देहदान का संकल्प लेने वाले 21 आधुनिक महर्षि दधीचियों को सम्मानित किया गया। सभी ने देहदान को महादान बताया और समाजहित में अधिक से अधिक लोगों को खुद से प्रेरणा लेने पर जोर देते हुए देहदान के लिए प्रेरित किया। संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति ने अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न और सर्टिफिकेट देकर सभी को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम से पहले एमबीबीएस बैच 2025 के विद्यार्थियों ने एनाटॉमी विभाग में कैडेवरिक शपथ लेकर मानव शरीर को अपनी चिकित्सा शिक्षा का प्रथम गुरु मानते हुए उसे सम्मान और गरिमा के साथ संभालने के संकल्प लिया।

संस्थान के चेयरमैन देवमूर्ति ने कहा कि 87 महर्षि दधीचि अब तक एसआरएमएस में अपनी देहदान कर चुके हैं। जबकि 80 महादानियों ने इसके लिए शपथ पत्र दिया है। एनाटॉमी डिपार्टमेंट की एचओडी डा.नमिता मेहरोत्रा ने देहदान का शपथ पत्र देने वाले सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में डा.शंभु प्रसाद ने सभी का आभार जताया और धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा.एमएस कुटोला, डा.धनंजय कुमार, डा.समता तिवारी, सभी विभागाध्यक्ष और एमबीबीएस बैच 2025 के विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा.केचन बिष्ट ने किया।

देहदान का संकल्प लेने वाले सुभाष मेहरा को एसआरएमएस में दिया गया सम्मानित

संकल्प लेने वाले देहदानी

बरेली के इंजीनियर सुभाष मेहरा, डा.उषा रानी मेहरा, श्याम सुंदर अरोरा भूदेव झा, धर्मवीर आर्य, खानदमनगर (देवरनिया) डा. बीबीएल माथुर, रमेश शर्मा, सना चौधरी, डा.नूपुर गोयल, , राजेंद्र प्रकाश अग्रवाल, माडल टाउन, बरेली, वेद प्रकाश पोरवाल, आशुतोष सिटी, बरेली, सकुरुख किरपलानी, माडल टाउन, बरेली, प्रनादी लाल, बेगमपुर मवाबगंज), बरेली, उषा रानी सक्सेना, निकट बालाजी मंदिर, बदायूं रोड बरेली, प्रागल स्वरूप सक्सेना, निकट बालाजी मंदिर, बदायूं रोड बरेली, चंद्र प्रकाश कश्यप, इंद्रापुरम कालोनी, बरेली, देवेंद्र कुमार साहनी, ग्रेटर अम्रपाश कालोनी, बरेली, डा.लता मिश्रा, पटियाली सराय, बदायूं, डा.नीरज चंद्र जोशी, न्यू शारा, पिथौरागढ़, जय प्रकाश देवलाल वर्ष), ग्राम निरादा, अछौली, पिथौरागढ़, जनार्दन फुलेठा, कुजौली, पिथौरागढ़, यतीश मोहन गुप्ता, बागेटोला, बदायूं शामिल रहे।